प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– चंडीगढ़ से लगती बद्दी सीमा पर बसाया जाएगा विश्व स्तरीय नया शहर हिम चंडीगढ़–भूमि अधिग्रहण की प्रकिया अगले दो माह में पूरी करने का लक्ष्य
- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के चरण तीन के तहत चुने हुए विद्यार्थी 12 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के फाइलन में लेंगे भाग–प्रधानमंत्री भी रहेंगे मौजूद
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का दावा–सरकार जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को अंतिम वर्ग तक पहुंचाने व उन्हें लागू करने के लिए कर रही काम
- प्रदेश भर में शीतलहर जारी–मौसम विभाग ने प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी का जताया अनुमान

मुख्यमंत्री

चंडीगड़ से लगती बद्दी औद्योगिक क्षेत्र की सीमा पर हिमाचल सरकार विश्व स्तरीय एक नया शहर हिम चंडीगढ़ बसाने जा रही है। इस बात की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार अब तक इस क्षेत्र में 3 हजार 4 सौ बीघा जमीन हाउसिंग डिपार्टमेंट के नाम कर चुकी है, जबकि 3 हजार 7 सौ बीघा जमीन पहले से सरकार के पास उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के लिए अगले दो महीने में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

बद्दी के आगे जहां से चंडीगढ़ की बाउंड्री खत्म होती है, वहां विश्व स्तरीय शहर बसाने की हमारी योजना है। उसके लिए हमने 34 सौ बीघा जमीन जो है, वो हाउसिंग डिपार्टमेंट के नाम कर दी है और जो 37 सौ बीघा जमीन है, जो सरकार की है, उसको भी हम अपने नाम करने जा रहे हैं, कुछ पंचायतें लैंड पुलिंग के नाम से हमें जगह देने के लिए तैयार हैं। एक अच्छा बड़ा शहर हिमाचल प्रदेश में बने, इसके लिए हमारी सरकार ने कार्य करना शुरू कर दिया है। हिम का नाम हिमाचल है, तो हिम चंडीगड़ के नाम से हम एक नया शहर बसाने की योजना को अमलीजामा देने की दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं।

यंग लीडर्स डायलॉग

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 के चरण तीन के तहत प्रदेश के 10 जिलों से चुने गए 35 विद्यार्थी आगामी 12 जनवरी को दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगे। ये फाइनल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित होगा, जहां इन विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री से मिलने का भी अवसर मिलेगा। इससे पहले कल 7 जनवरी को ये प्रतिभागी शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के तहत देश भर से 3 हजार युवा प्रधानमंत्री के समक्ष दिल्ली में विकसित भारत के निर्माण हेतु अपने विचार पेश करेंगे।

<u>मिल्कफैड</u>

मिल्कफेड को और अधिक सशक्त बनाकर किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। ये बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शिमला में मिल्कफेड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी दुग्ध संयंत्रों में दूध प्रापण और अन्य डेटा का ऑनलाइन रिकार्ड बनाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाई जा सके, साथ ही किसानों की आय में बढ़ौतरी का मार्ग प्रशस्त हो। इस दौरान उन्होंने ढगवार दुग्ध संयंत्र के निर्माण कार्य की समीक्षा की और कहा कि इस संयंत्र से कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा और उना जिला के किसानों की आर्थिकी को बल मिलेगा।

<u>उपमुख्यमंत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार की नीतियों का केंद्रबिंदू गांव, गरीब और आम जन की सेवा है। जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता है। ये बात उपमुख्यमंत्री ने कल उना जिला के गोंदपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंवाद के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस बीच, मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का कार्यालय ऊना के हरोली स्थित स्किल डेवलपमेंट इंस्टीचयूट भवन में स्थापित किए जाने के निर्णय को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि इस क्षेत्र में एसडीआरएफ की स्थायी तैनाती से जिला और आसपास के क्षेत्रों में आपात परिस्थितियों में त्वरित राहत व बचाव कार्य को अधिक प्रभावी व समयबद्ध तरीके अंजाम दिया जाएगा।

<u>एमएसएमई फेस्ट</u>

शिमला में तीन दिन तक आयोजित हिम एमएसएमई फेस्ट में हिमाचली उत्पादों और छोटे उद्योगपतियों को एक बड़ा मंच प्राप्त हुआ है, जिससे यहां आयोजित स्टॉल और प्रदर्शनी में 30 लाख रूपये से अधिक का कारोबार प्राप्त हुआ, साथ ही देश–विदेश के बाजारों तक पहुंचने के लिए विभिन्न एमओयू के जरिए राह प्रशस्त हुई। विस्तृत रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी–

डिस्पैच– 42 सैकण्ड–

प्रदेश उद्योग विभाग की ओर से छोटे और मध्यम उद्यमियों को देश–विदेश के बाजारों से जोड़ने का प्रयास हिम एमएसएमई फेस्ट में सफल हुआ। इस दौरान प्रदेश भर से आए लघु उद्यमी और कारीगरों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री कर लाखों का कारोबार किया। साथ ही प्रदेश की स्मॉल स्केल इंडस्ट्री की पहुंच देश–विदेश तक सुनिश्चित हो पाई है।

इसके लिए जहां प्रदेश सरकार और 27 कंपनियों के बीच 10 हजार करोड़ से अधिक के निवेश को लेकर एमओयू साइन हुए, वहीं, हिमाचल सरकार और ब्रिक्स चंडीगढ़ के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है, जिसका उदेश्य हिमाचल प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करवाना है। इस पहल से ब्रिक्स देशों–ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका तक हिमाचली उत्पादों को बाजार उपलब्ध होगा। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं विनोद कुमार

<u>सुख–आश्रय योजना</u>

मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना प्रदेश के जरूरतमंद युवाओं के जीवन में नई उम्मीद और स्थायित्व ला रही है। उपमंडल जोगिंदर नगर के भजराला गांव के हंसराज और अक्षित कुमार इस योजना के जीवंत उदाहरण हैं, जिन्हें सरकार की मदद से अपना पक्का घर बनाने का अवसर मिला है। विस्तृत रिपोर्ट के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता–

मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के तहत दोनों लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में एक–एक लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। लेंटर का कार्य पूरा होने के बाद उन्हें दो–दो लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। इसके साथ ही, सरकार की ओर से उन्हें हर माह चार–चार हजार रुपये की पॉकेट मनी मिल रही है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो रही हैं। हंसराज को स्वरोजगार के लिए भी एक लाख छिहत्तर हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके हैं। लाभार्थियों का कहना है कि यह योजना उनके लिए किसी सहारे से कम नहीं है और इससे उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का मार्ग मिला है। जोगिंदर नगर उपमंडल में योजना के तहत कई लाभार्थियों को आवास, शिक्षा, विवाह और स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना अनाथ और बेसहारा बच्चों को "चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट" का दर्जा देकर उन्हें सुरक्षित और सशक्त भविष्य की ओर ले जा रही है। प्रादेशिक समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद

मौसम

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट के चलते ठंड का प्रकोप बढ़ गया है और पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। हालांकि दिन के समय धूप खिलने से ठण्ड से कुछ राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है। अन्य स्थानों पर मौसम के साफ रहने की संभावना है। वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में अगले 24

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से.........</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–क्यूआर कोड स्कैन कर जमा कर सकेंगे बिजली–पानी के बिल, संपति कर, हर घर को मिलेगी यूनीक आईडी। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–शहरी निकायों में एक ही पोर्टल पर मिलेंगी सभी जनसुविधाएं।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है—जिंदगी का सहारा खो चुके 980 परिवारों को नौकरियां—सबसे ज्यादा भर्तियां जलशक्ति और लोक निर्माण विभाग में।

हिमाचल दस्तक लिखता है—आठ सेक्टर में आएगा प्रदेश में निवेश, रक्षा क्षेत्र में लगेंगे बड़े उद्योग।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है—लाहौल, किन्नौर और मनाली की चोटियों में बर्फबारी से पारा चार डिग्री तक गिरा।

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा— चंडीगढ़ से लगती बद्दी सीमा पर बसाया जाएगा विश्व स्तरीय नया शहर हिम चंडीगढ़—भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अगले दो माह में पूरी करने का लक्ष्य
- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के चरण तीन के तहत चुने हुए विद्यार्थी 12 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के फाइलन में लेंगे भाग—प्रधानमंत्री भी रहेंगे मौजूद
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का दावा—सरकार जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को अंतिम वर्ग तक पहुंचाने व उन्हें लागू करने के लिए कर रही काम
- प्रदेश भर में शीतलहर जारी—मौसम विभाग ने प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी का जताया अनुमान